आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

# वंदे भारत 24

भारत के मन की बात



@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# एक महीने में दूसरी बार जालंधर पहुंचे मुख्यमंत्री भगवंत मान

## 'लोक मिलनी' में मौके पर ही निपटाईं शिकायतें, मौके पर दिए निर्देश

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर
12 फरवरी ( वर्मा )



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जालंधर स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित जन-संवाद कार्यक्रम के दौरान आम लोगों से सीधा संवाद किया और विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों पर अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चला, जिसमें अलग-अलग जिलों और हलकों से आए नागरिकों, प्रतिनिधिमंडलों और एनआरआई नागरिकों ने भाग लिया।

दो घंटे तक चले इस संवाद सत्र में मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याएं व्यक्तिगत रूप से सुनीं। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे, ताकि मौके पर ही आवश्यक निर्देश जारी किए जा सकें और लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा सके।

**एनआरआई मामलों पर विशेष सुनवाई :** जन-संवाद में विदेशों से आए कुछ एनआरआई भी शामिल हुए। एक प्रवासी भारतीय, जो इंग्लैंड से आए थे, ने अपनी जमीन से जुड़े विवाद का मामला मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। मुलाकात के बाद उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने उनका पक्ष गंभीरता से सुना और बताया कि मामला चंडीगढ़ स्तर पर विचाराधीन है, जिसका जल्द समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीधे मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी बात रखना उनके लिए संतोषजनक अनुभव रहा। सरकार की ओर से पहले भी एनआरआई मामलों के त्वरित निपटारे के लिए विशेष सेल और शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किए जाने की घोषणा की गई है। इस बैठक में भी एनआरआई संपत्ति विवाद, कब्जा मामलों और राजस्व रिकॉर्ड संबंधी समस्याओं पर चर्चा हुई।

**ग्रामीण बुनियादी ढांचे से जुड़े मुद्दे :** कई ग्रामीण प्रतिनिधिमंडल अपने क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर पहुंचे। फिल्लौर के गांव संगतपुर से आए तरसेम सिंह ने स्कूल भवन से जुड़ी समस्या उठाई। उनका कहना था कि विद्यालय की इमारत जर्जर अवस्था में है और मरम्मत या पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को रिपोर्ट तलब कर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसी तरह कुछ प्रतिनिधियों ने सीवरेज, ड्रेनेज और सड़क निर्माण से जुड़े मुद्दे भी रखे। प्रिंसिपल प्रेम कुमार ने बताया कि उन्होंने अपने क्षेत्र में जल निकासी और सड़कों की स्थिति सुधारने की मांग की है। उनके अनुसार मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने को कहा।



**प्रशासनिक पारदर्शिता पर जोर** - जन-संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता से जुड़े मामलों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य लोगों को दफ्तरों के चक्कर कटवाना नहीं, बल्कि समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। बैठक में मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जिन मामलों का निपटारा मौके पर संभव है, उन्हें तुरंत किया जाए और शेष मामलों की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत की जाए।

**जनता की प्रतिक्रिया**

कार्यक्रम में शामिल कई लोगों ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं मामलों की सुनवाई कर रहे हैं, जिससे आम नागरिकों में भरोसा बढ़ा है। एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि वह क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर पहुंचे थे और उन्हें सकारात्मक आश्वासन मिला है। लोगों ने उम्मीद जताई कि घोषित निर्देशों पर शीघ्र अमल होगा।

### विकास योजनाओं की समीक्षा

सूत्रों के अनुसार जन-संवाद के दौरान कुछ विकास परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे से संबंधित योजनाओं की प्रगति पर अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का लक्ष्य राज्य में पारदर्शी प्रशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। इस तरह जालंधर में आयोजित यह जन-संवाद कार्यक्रम प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने की पहल के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से संकेत दिया गया है कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोगों की शिकायतों का निपटारा तेज और प्रभावी ढंग से किया जा सके।





HAKIM TILAK RAJ KAPOOR
HOSPITAL PVT. LTD.




आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा
हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247

वंदे भारत 24
भारत के मन की बात









# नूरमहल स्थित दिव्य ज्योति जागृति संस्थान में संत रविदास प्रकाश पर्व पर उमड़ी श्रद्धा, भंडारे में जुटी संगत






**» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर**

**12 फरवरी ( सन्नी सहगल )**

नूरमहल के दिव्य ज्योति जागृति संस्थान आश्रम में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पावन अवसर पर आश्रम परिसर श्रद्धालुओं की उपस्थिति से भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम की शुरुआत गुरु रविदास जी की वाणी के सुमधुर कीर्तन से हुई। ऐसी लाल तुझ बिन कौन करे शबद के गायन ने उपस्थित संगत को भक्ति रस में डुबो दिया और पूरा माहौल आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। मंच संचालन की जिम्मेदारी स्वामी मनेश्वरानंद जी ने संभाली। इसके बाद स्वामी प्रेम जी ने गुरु रविदास महाराज जी की शिष्या रानी झाला के जीवन प्रसंग का उल्लेख करते हुए गुरु-निष्ठा, समर्पण और सच्ची भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। उनके संबोधन ने संगत को गुरु के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा दी। आगे साध्वी त्रिपदा भारती जी ने अपने प्रवचन में बताया कि गुरु के प्रति अटूट विश्वास व्यक्ति के जीवन को नई दिशा देता है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि आध्यात्मिकता केवल विचार नहीं, बल्कि जीवन जीने की प्रक्रिया है। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई, जहां सेवा भाव के साथ प्रसाद वितरित किया गया। पूरा आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

# लॉरेंस गैंग के दावे पर शहजाद भट्टी का पलटवार, सोशल मीडिया पर जारी बयान से बढ़ी तनातनी

**» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर**


**12 फरवरी ( वर्मा )**

कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग और पाकिस्तान के नामचीन अपराधी शहजाद भट्टी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला एक बार फिर तेज हो गया है। हाल ही में लॉरेंस गैंग की ओर से सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर दावा किया गया था कि पुर्तगाल में शहजाद भट्टी पर हमला करवाया गया है। यह दावा गैंग से जुड़े रणदीप मलिक के नाम से वायरल हुआ।

हालांकि, शहजाद भट्टी ने इन दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि वह कभी पुर्तगाल गया ही नहीं। इसके बाद भट्टी ने एक वीडियो संदेश जारी कर लॉरेंस बिश्नोई और उसके सहयोगियों पर तीखा हमला बोला। वीडियो में भट्टी ने लॉरेंस पर कई व्यक्तिगत और आपराधिक आरोप लगाए और उसे चुनौती दी।

भट्टी ने दावा किया कि लॉरेंस गैंग द्वारा किया गया हमला संबंधी दावा झूठा है और सोशल मीडिया के जरिए प्रचारित किया जा रहा है। उसने यह भी कहा कि जिन लोगों ने पोस्ट साझा की, वे अब पीछे हट रहे हैं। भट्टी ने खुद को लॉरेंस से अधिक प्रभावशाली बताते हुए कहा कि भारत में भी उसके समर्थक मौजूद हैं।

वीडियो में भट्टी ने लॉरेंस पर विश्वासघात और दिखावे की राजनीति करने का आरोप लगाया। उसने कहा कि लॉरेंस और उसका भाई सुरक्षा घेरे में रहते हैं, जबकि दूसरों को आगे कर देते हैं। साथ ही उसने दावा किया कि उसके पास लॉरेंस से जुड़ी कुछ ऑडियो रिकॉर्डिंग भी हैं।




भट्टी ने यह भी कहा कि विभिन्न देशों में उसके खिलाफ मामले चल रहे हैं, लेकिन वह लगातार अपनी लोकेशन बदलकर खुद को सुरक्षित रखता है। उसने लॉरेंस को खुली चुनौती देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर बयान देने से कुछ नहीं होगा।

गौरतलब है कि दोनों पक्षों के बीच पहले भी सोशल मीडिया के जरिए बयानबाजी होती रही है। फिलहाल किसी भी हमले या दावे की आधिकारिक पुष्टि संबंधित एजेंसियों की ओर से नहीं की गई है। सुरक्षा एजेंसियां ऐसे मामलों पर नजर बनाए हुए हैं और वायरल हो रहे बयानों की जांच की जा रही है।

# पठानकोट चौक पर बस ओर ट्रक में भिड़ंत: हाइवे पर बजरी से लदा ट्राला पलटा, 5 किलो मीटर तक लगा लंबा जाम





**» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर**

**12 फरवरी ( वर्मा )**

पठानकोट चौक के नजदीक नेशनल हाईवे पर शुक्रवार को एक सरकारी बस और बजरी से लदे ट्रक के बीच टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ट्रक (घोड़ा ट्राला) असंतुलित होकर बीच सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

हादसे के तुरंत बाद हाईवे पर यातायात बुरी तरह प्रभावित हो गया। लम्मा पिंड चौक से लेकर बिधिपुर फाटक तक करीब 4ङ्क5 किलोमीटर लंबी वाहनों की कतारें लग गईं। सड़क पर फंसे वाहन धीरे-धीरे रेंगते नजर आए। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हाईवे पर जाम की स्थिति साफ देखी जा सकती है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि टक्कर के समय बस में कोई सवारी मौजूद नहीं थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने सबसे पहले बस को किनारे करवाया और फिर क्रेन बुलाकर पलटे ट्रक को हटाने की कार्रवाई शुरू की।

टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हाईवे पर बड़ी मात्रा में बजरी बिखर गई, जिसे हटाने के लिए अलग से व्यवस्था करनी पड़ी। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद ट्रक को सड़क से हटाया गया और जाम खुलवाने की प्रक्रिया शुरू की गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# 'ऑपरेशन लोटस' के आरोप बेबुनियादः जालंधर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर शीतल अंगुराल का आप सरकार पर हमला

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर
12 फरवरी ( वर्मा )



जालंधर में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा नेता और पूर्व विधायक शीतल अंगुराल ने आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने 'ऑपरेशन लोटस' को लेकर लगाए जा रहे आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए इसे राजनीतिक नाटक करार दिया। अंगुराल का कहना था कि राज्य सरकार अपनी विफलताओं और गिरती साख से ध्यान भटकाने के लिए इस मुद्दे को बार-बार उछाल रही है। अंगुराल ने कहा कि वर्ष 2022 में आम आदमी पार्टी ने पंजाब की जनता से कई वादे और गारंटियां करके सत्ता हासिल की थी, लेकिन अब सरकार उन वादों को पूरा करने में असफल साबित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि रोजगार, विकास और कानून-व्यवस्था जैसे अहम मुद्दों पर सरकार अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है।

**14 सितंबर 2022 की बैठक का जिक्र :** पूर्व विधायक ने 14 सितंबर 2022 की एक घटना का उल्लेख करते हुए दावा किया कि चंडीगढ़ स्थित कोठी नंबर 50 में 14 विधायकों को नाश्ते पर बुलाया गया था। उनके अनुसार उस समय पार्टी के प्रभारी और राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा की मौजूदगी में भाजपा पर खरीद-फरोख्त के आरोप लगाने की रणनीति बनाई गई थी।

अंगुराल ने कहा कि उस दौरान उन्हें और दो अन्य विधायकों को कथित रूप से फोन कॉल आई थीं, जिनमें 25-25 करोड़ रुपये की पेशकश का दावा किया गया। उनका यह भी कहना था कि कुछ कॉल में देश के गृह मंत्री अमित शाह के नाम का उल्लेख किया गया। वहीं बाकी विधायकों से कथित रूप से शिकायत पर हस्ताक्षर करवाए गए।

**मुझे मोहरा बनाया गया**

शीतल अंगुराल ने कहा कि उस समय वे नए विधायक थे और पार्टी की अंदरूनी गतिविधियों से अनजान थे, जिसके कारण उन्हें मोहरा बनाया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि शिकायत में सच्चाई थी तो अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई।

उन्होंने यह भी बताया कि उनका आईफोन अभी तक विजिलेंस विभाग के पास है और उन्होंने मुख्यमंत्री से अपना मोबाइल वापस करने की मांग की है।

**अन्य बयानों पर प्रतिक्रिया**

संगरूर की विधायक नरिंदर कौर भराज द्वारा लगाए गए हालिया आरोपों पर टिप्पणी करते हुए अंगुराल ने कहा कि जैसे पहले उन्हें गुमराह किया गया, वैसे ही अब अन्य नेताओं को इस्तेमाल किया जा रहा है। उनका आरोप था कि जब भी सरकार रोजगार और विकास जैसे मुद्दों पर घिरती है, तब 'मिशन लोटस' का मुद्दा उठाया जाता है। प्रेस वार्ता के अंत में अंगुराल ने आम आदमी पार्टी पर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पंजाब की जनता को तथ्यों के आधार पर स्थिति को समझना चाहिए।

## रिशी नगर टी-प्वाइंट पर नाकाबंदी के दौरान युवक से मिला 6 ग्राम हेरोइन

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर
12 फरवरी ( वर्मा )

जालंधर में नशा विरोधी अभियान के तहत थाना डिवीजन नंबर 6 की पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने रिशी नगर टी-प्वाइंट पर नाकाबंदी के दौरान एक युवक को 6 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

जानकारी देते हुए सब-इंस्पेक्टर कुलविंदर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में नियमित जांच कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर आ रहे एक युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। पुलिस को देखकर उसने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से 6 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सन्नी के रूप में हुई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी नशा कहां से लाता था और किन लोगों तक इसकी सप्लाई करता था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एआई ऐप से छेड़छाड़ कर नाबालिग लड़कियों के आपत्तिजनक वीडियो वायरल, साइबर क्राइम ने दर्ज किया मामला

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर
12 फरवरी ( वर्मा )

जालंधर में साइबर अपराध का गंभीर मामला सामने आया है, जहां अज्ञात आरोपियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित ऐप्स का दुरुपयोग कर शहर के अलग-अलग इलाकों में रहने वाली आधा दर्जन से अधिक नाबालिग लड़कियों के आपत्तिजनक वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। शिकायत मिलने के बाद कमिश्नरेट पुलिस की साइबर क्राइम यूनिट ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

साइबर क्राइम प्रभारी इंस्पेक्टर अजयब सिंह के अनुसार, पुलिस को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 7-8 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपियों ने तकनीकी ऐप्स के जरिए लड़कियों की तस्वीरों से छेड़छाड़ कर फर्जी अश्लील वीडियो तैयार किए और फिर उनके परिवारों को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। जब कथित तौर पर आरोपियों को धनराशि नहीं मिली तो उन्होंने वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर दिए। मामले की सूचना मिलते ही साइबर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट्स को ब्लॉक कराया और वायरल सामग्री को हटवाने की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस डिजिटल साक्ष्य जुटाकर आरोपियों की पहचान में जुटी हुई है।

अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी विश्लेषण के आधार पर जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने की उम्मीद है। पुलिस ने अभिभावकों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखें और किसी भी संदिग्ध संदेश, लिंक या ब्लैकमेल की स्थिति में तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन या स्थानीय पुलिस से संपर्क करें। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गुरु गोबिंद सिंह एवेन्यू के पास नाकाबंदी में दो युवक काबू, 60 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद


» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर
12 फरवरी ( वर्मा )

जालंधर में थाना रामामंडी पुलिस ने नशा विरोधी अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दो युवकों को प्रतिबंधित दवाइयों सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 60 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जसपाल सिंह ने बताया कि बुधवार रात पुलिस टीम गुरु गोबिंद सिंह एवेन्यू के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को रुकने का संकेत दिया गया, लेकिन वे पुलिस को देखकर हाईवे की ओर भागने लगे। पुलिस टीम ने तुरंत पीछा किया और कुछ दूरी पर दोनों को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 60 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद हुए।

आरोपियों की पहचान दविंदर कुमार निवासी किशनपुरा और भूपिंदर सिंह निवासी चौगिट्टी के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे प्रतिबंधित कैप्सूल कहां से लाते थे और किन लोगों को सप्लाई करते थे। मामले में आगे की जांच जारी है।

# बल्लां के पास दर्दनाक हिट एंड रनः काम से लौट रहे युवक की मौत, हाईवे दो घंटे जाम

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर
12 फरवरी ( वर्मा )





पठानकोट नेशनल हाईवे पर गांव बल्लां के नजदीक बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे युवक को कुचल दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि चालक वाहन सहित फरार हो गया।

मृतक की पहचान दिनेश कुमार (पुत्र लालू) निवासी बिहार के रूप में हुई है। वह फिलहाल किशनगढ़ में एक पीजी में रहकर काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह ड्यूटी से लौटते हुए हाईवे पार कर रहा था, तभी पठानकोट की दिशा से आ रही कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

सूचना मिलते ही सड़क सुरक्षा फोर्स और पुलिस मौके पर पहुंची। एएसआई रणजीत सिंह ने टीम सहित घटनास्थल पर पहुंचकर शव की शिनाख्त करवाई और परिजनों को सूचित किया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार के सदस्य और परिचित बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए।

अज्ञात चालक की गिरफ्तारी न होने और पुलिस की प्रारंभिक कार्रवाई से नाराज लोगों ने हाईवे पर धरना दे दिया। करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

स्थिति बिगड़ती देख थाना मकसूदां के एसएचओ गुरप्रीत सिंह और थाना करतारपुर की पुलिस टीम अतिरिक्त बल के साथ मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने दोषी चालक को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ और यातायात बहाल कराया गया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपी को जल्द पकड़ा जा सके।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# संविधान चौक पर मजदूरों का प्रदर्शन

## नए श्रम कानूनों के खिलाफ देशव्यापी हड़ताल का असर



**» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर**
**12 फरवरी ( वर्मा )**

देशभर में ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों के आह्वान पर बुधवार को केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में व्यापक प्रदर्शन किए गए। जालंधर में संविधान चौक के निकट देश भगत यादगार हॉल के बाहर विभिन्न मजदूर संगठनों ने शांतिपूर्ण धरना देकर अपनी मांगें उठाईं। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

आंदोलनकारियों का कहना है कि केंद्र सरकार 29 पुराने श्रम कानूनों को समाप्त कर चार नई श्रम संहिताएं लागू करने जा रही है, जिनसे कर्मचारियों के अधिकार कमजोर होंगे। प्रदर्शनकारियों के मुताबिक, इन बदलावों से नौकरी की सुरक्षा घटेगी, ठेका प्रथा को बढ़ावा मिलेगा और कार्य अवधि से जुड़े प्रावधानों में भी संशोधन होंगे।

प्रदर्शन स्थल पर पुलिस ने एहतियात के तौर पर वाटर कैनन, अतिरिक्त पुलिस बसें और बैरिकेडिंग की व्यवस्था की, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। हालांकि धरना पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और मजदूर संगठनों ने अनुशासन बनाए रखा।

मजदूर नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह केवल बैंकिंग क्षेत्र की हड़ताल नहीं, बल्कि देश के विभिन्न विभागों और क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों का साझा विरोध है। ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज़ एसोसिएशन (एआईबीईए) समेत कई संगठनों ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर भी चिंता जताई और इसे देश के श्रमिक हितों के विपरीत बताया।

केंद्र मजदूर यूनियन पंजाब के प्रतिनिधि कश्मीर सिंह ने कहा कि श्रमिकों ने वर्षों के संघर्ष और बलिदान के बाद अपने अधिकार हासिल किए थे, जिनमें श्रम न्यायालयों के माध्यम से न्याय पाने का अधिकार भी शामिल है। उनका आरोप है कि नए कानून इन अधिकारों को सीमित कर देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार 1 अप्रैल 2026 से नई श्रम संहिताएं लागू करने की तैयारी में है, जिसके विरोध में यह एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की गई है।

प्रदर्शनकारियों ने आशा वर्करों, सफाई कर्मचारियों और अन्य अस्थायी कर्मियों को नियमित करने की मांग भी उठाई। उनका कहना था कि महंगाई के दौर में अस्थायी रोजगार और कम वेतन से परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। मजदूर संगठनों ने न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के विस्तार और ठेका प्रथा पर रोक लगाने की भी मांग रखी।

नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने श्रमिक संगठनों से संवाद स्थापित नहीं किया और उनकी मांगों पर सकारात्मक कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखना उनका अधिकार है और वे शांतिपूर्ण संघर्ष जारी रखेंगे।



# कंपनी बाग चौक पर बैंक कर्मियों का प्रदर्शन, श्रम कानूनों और ट्रेड डील के विरोध में उठी आवाज

**» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर**
**12 फरवरी ( वर्मा )**

जालंधर के कंपनी बाग चौक स्थित पंजाब नेशनल बैंक के बाहर शुक्रवार को बैंक कर्मचारियों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। देशव्यापी बंद के आह्वान के समर्थन में आयोजित इस प्रदर्शन में कर्मचारियों ने श्रम कानूनों में बदलाव और भारत-अमेरिका ट्रेड डील का विरोध जताया।

ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज़ एसोसिएशन (एआईबीईए) के आह्वान पर ट्रेड यूनियनों, किसान संगठनों और कर्मचारी संगठनों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह हड़ताल केवल बैंकिंग क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि देशभर के विभिन्न विभागों में कार्यरत मजदूरों और कर्मचारियों की साझा आवाज है।





प्रदर्शन के दौरान हरविंदर सिंह ने कहा कि 29 पुराने श्रम कानूनों को समाप्त कर 4 नए श्रम संहिताओं को लागू करने का फैसला कर्मचारियों के हित में नहीं है। उनका आरोप था कि नए प्रावधानों से कार्य अवधि बढ़ाने और नौकरी की सुरक्षा कम करने का रास्ता खुलता है। उन्होंने ठेका प्रणाली को बढ़ावा देने पर भी चिंता जताई और कहा कि इससे स्थायी रोजगार पर खतरा मंडरा रहा है।

उन्होंने अग्निवीर योजना का उदाहरण देते हुए कहा कि अनुबंध आधारित नियुक्तियां युवाओं के भविष्य को अस्थिर बना रही हैं। उनका कहना था कि भले ही वर्तमान में वेतन कम हो, लेकिन स्थायी नौकरी कर्मचारियों को सुरक्षा का अहसास देती है, जो अब कमजोर पड़ रहा है।

डिप्टी जनरल सेक्रेटरी विनोद शर्मा ने बैंकिंग क्षेत्र में नई भर्तियों की कमी को गंभीर मुद्दा बताया।

उन्होंने कहा कि क्लर्कों और सफाई कर्मियों सहित विभिन्न पदों पर नियुक्तियां लंबे समय से लंबित हैं। इसके अलावा सप्ताह में पांच दिन काम लागू करने की मांग भी उठाई गई।

प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि नीतियों का विरोध लोकतांत्रिक अधिकार है और सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए यह एक दिन का सांकेतिक बंद आयोजित किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर विचार नहीं किया गया तो भविष्य में आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# रेनबो रोड-जीटीबी नगर में पेड़ों की कटाई पर बवाल, पर्यावरण प्रेमियों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन

**» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर**
**12 फरवरी ( वर्मा )**

जालंधर के रेनबो रोड और जीटीबी नगर क्षेत्र में निर्माणाधीन एक व्यावसायिक भवन और एक स्थानीय गुरुद्वारे से जुड़े परिसर में कथित रूप से कई पुराने और विरासत श्रेणी के पेड़ों की कटाई को लेकर शुक्रवार को पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर पेड़ों का कत्लेआम बंद करो जैसे नारे लगाए और गुरुद्वारे के सामने सड़क के डिवाइडर पर खड़े पेड़ों की कटाई की निंदा की।



कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सजावटी लाइटिंग लगाने के उद्देश्य से 20 से अधिक प्राचीन पेड़ों को काट दिया गया, जिनमें से कई अब केवल ठूंठ बनकर रह गए हैं। उनका कहना है कि इससे न केवल हरित आवरण को नुकसान पहुंचा है, बल्कि क्षेत्र की पारिस्थितिक संरचना पर भी गहरा प्रभाव पड़ा है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे लक्ष्य बहल ने कहा कि पेड़ों का महत्व केवल छाया तक सीमित नहीं है, बल्कि वे पर्यावरण संतुलन का आधार हैं। उन्होंने बताया कि उनकी टीम शांतिपूर्ण तरीके से लोगों को जागरूक करने और प्रशासन से कार्रवाई की मांग के लिए एकत्रित हुई है। इसी क्रम में मॉडल टाउन के पुराने वृक्षारोपण क्षेत्र में दो बड़े सागौन के पेड़ों को भी कथित रूप से भूखंड मालिकों के निर्देश पर काटे जाने का मामला सामने आया है। कार्यकर्ताओं के अनुसार पेड़ों की मुख्य शाखाएं हटाकर केवल तने खड़े छोड़ दिए गए, जिससे उनकी संरचनात्मक मजबूती और जैविक उपयोगिता समाप्त हो गई।

प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि यह कार्रवाई भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं तथा पंजाब वृक्ष संरक्षण नीति 2024 और प्रस्तावित पंजाब वृक्ष संरक्षण अधिनियम 2025 का उल्लंघन है। इस विरोध में डॉ. नवनीत भुल्लर, डॉ. अर्चना बेरी, मीनल वर्मा, जगदीश चंदर, वाबेक सरोया, शाहरुख और अन्य सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सामाजिक एवं पर्यावरण कार्यकर्ता तेजस्वी मिन्हास ने इस मामले में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के बाद संबंधित पक्षों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। जालंधर नगर निगम ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया है। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि कथित रूप से जिम्मेदार लोगों पर तुरंत दंडात्मक कार्रवाई की जाए और शहर के शेष हरित क्षेत्र की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**आवश्यकता** पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247











# 'दौर-ए-मोहब्बत' ने सीटी ग्रुप में बिखेरा सूफ़ियाना सुरों का जादू'

## छात्र मशहूर कवयित्री रूप कौर कूनर द्वारा पेश सूफ़ी संगीत और शायरी के साथ हुए रूबरू








**» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर**

**12 फरवरी ( सन्नी सहगल )**

सीटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस के सरदारनी मंजित कौर ऑडिटोरियम में वैलेंटाइन वीक के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम 'दौर-ए-मोहब्बत' ने विद्यार्थियों को भावनाओं, विचारों और आत्मचिंतन की एक अनूठी यात्रा पर ले गया। इस कार्यक्रम में प्रख्यात लेखिका, कवयित्री एवं गायिका रूप कौर कूनर ने अपनी सूफ़ियाना गायकी, गहन शायरी और प्रेरणादायी विचारों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम साधारण वैलेंटाइन उत्सव से कहीं आगे बढ़ते हुए प्रेम, पहचान, जीवन-दर्शन और सामाजिक चेतना जैसे गहरे विषयों पर केंद्रित रहा। अपनी प्रसिद्ध कृतियों 'अकीदा' और 'मिराकी' की रचनात्मक संवेदना को मंच पर उतारते हुए रूप कौर कूनर ने संगीत और साहित्य के संगम से छात्रों को आत्मिक और बौद्धिक रूप से समृद्ध किया।

इस अवसर पर सीटी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मनबीर सिंह, डायरेक्टर स्टूडेंट वेलफेयर दविंदर सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. अर्जन सिंह सहित विभिन्न संस्थानों के प्रमुख उपस्थित रहे। कार्यक्रम की गरिमा को संबोधित करते हुए डॉ. मनबीर सिंह ने कहा, हमारा उद्देश्य ऐसे विद्यार्थियों का निर्माण करना है जो तकनीकी रूप से दक्ष होने के साथ-



साथ भावनात्मक रूप से संतुलित और सांस्कृतिक रूप से जागरूक हों। रूप कौर कूनर जैसी सशक्त साहित्यिक हस्ती का सान्निध्य छात्रों को अपनी जड़ों से जोड़ता है और आधुनिक जीवन की चुनौतियों से जूझने की बौद्धिक स्पष्टता प्रदान करता है। कार्यक्रम ने यह भी सिद्ध किया कि कविता और साहित्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजन न केवल भावनात्मक बुद्धिमत्ता को प्रखर करते हैं, बल्कि पंजाबी साहित्यिक विरासत को आधुनिक शैक्षणिक वातावरण में जीवंत बनाए रखते हैं। कार्यक्रम के समापन पर रूप कौर कूनर को छात्रों ने खड़े होकर तालियों के साथ सम्मानित किया। अपने अनुभव सांझा करते हुए उन्होंने कहा, कला और कविता आत्मा का दर्पण हैं। 'दौर-ए-मोहब्बत' के माध्यम से मैं युवाओं को यह बताना चाहती थी कि प्रेम केवल भाव नहीं, बल्कि समझ, धैर्य और मानवीय चेतना का नाम है। इतनी बड़ी संख्या में छात्रों का पंजाबी कविता से जुड़ना हमारे साहित्य के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। सूफ़ी धुनों और प्रेरणादायक शब्दों की गूंज के साथ यह संध्या छात्रों के लिए यादगार अनुभव से भरपूर रही।

# मेयर विनीत धीर पहुंचे पंजाब प्रेस क्लब, शहर के विकास कार्यों पर की खुली चर्चा

**» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर**

**12 फरवरी ( सन्नी सहगल )**

जालंधर के मेयर श्री विनीत धीर ने गुरुवार को पंजाब प्रेस क्लब का दौरा किया, जहां क्लब के पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष जसप्रीत सिंह सैनी सहित उपाध्यक्ष परमजीत सिंह रंगपुरी, कोषाध्यक्ष शिव शर्मा, सचिव राजेश योगी, संयुक्त सचिव सुकरांत सफरी,




जनरल मैनेजर जतिंदर सिंह तथा वरिष्ठ पत्रकार मदन भारद्वाज, हरविंदर सिंह फुल और नवीन शर्मा उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मेयर ने पत्रकारों के साथ शहर से जुड़े विभिन्न अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। खास तौर पर ट्रैफिक सिग्नलों की व्यवस्था में सुधार, जर्जर सड़कों की मरम्मत और शहर में कूड़े के ढेरों की समस्या पर विचार-विमर्श किया गया।

मेयर विनीत धीर ने भरोसा दिलाया कि नगर निगम शहर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और नागरिकों को पेश आ रही समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि पंजाब प्रेस क्लब की भवन संबंधी आवश्यकताओं और विकास कार्यों पर भी गंभीरता से ध्यान दिया जाएगा। प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने मेयर के इस दौरे को सकारात्मक पहल बताते हुए कहा कि मीडिया और प्रशासन के आपसी सहयोग से ही शहर के समग्र विकास की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकते हैं।

वंदे भारत 24 भारत के मन की बात
जालंधर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026


# आपके बेडरूम का वास्तु तय करता है लव लाइफ की क्वालिटी?




क्या आप जानते हैं कि आपके और आपके पार्टनर के बीच होने वाले छोटे-मोटे झगड़ों की वजह सिर्फ आपसी मतभेद नहीं, बल्कि आपके बेडरूम का वास्तु दोष भी हो सकता है? जी हां, वास्तु शास्त्र के अनुसार, बेडरूम की ऊर्जा हमारी लव लाइफ की क्वालिटी को सीधे तौर पर प्रभावित करती है। अगर बेडरूम में नकारात्मकता है, तो बिना बात के तनाव और दूरियां बढ़ने लगती हैं।

आज हम आपको बताने जा रहे हैं 5 ऐसे आसान वास्तु टिप्स, जो आपके रिश्तों में फिर से वही पुरानी ताजगी और रोमांस वापस ला सकते हैं।

**रिश्तों को मजबूत बनाने के 5 वास्तु उपाय**

1. **सही दिशा में हो सिरहाना :** वास्तु के अनुसार, सोते समय आपका सिर हमेशा दक्षिण दिशा की ओर होना चाहिए। दक्षिण दिशा में सिर करके सोने से शरीर की चुंबकीय ऊर्जा संतुलित रहती है, जिससे गहरी नींद आती है और मन शांत रहता है। जब आप शांत रहते हैं, तो पार्टनर के साथ बातचीत भी मधुर होती है।
2. **शीशे की सही जगह :** बेडरूम में बेड के ठीक सामने कभी भी शीशा नहीं होना चाहिए। वास्तु शास्त्र का मानना है कि सोते हुए व्यक्ति का प्रतिबिंब शीशे में दिखना स्वास्थ्य और वैवाहिक संबंधों के लिए अशुभ होता है। इससे तीसरे व्यक्ति के हस्तक्षेप की संभावना बढ़ती है और कलह पैदा होती है। अगर शीशा हटाना संभव न हो, तो रात को उसे किसी कपड़े से ढक दें।
3. **रंगों का चुनाव :** बेडरूम की दीवारों पर कभी भी गहरे या डार्क रंगों (जैसे काला या गहरा भूरा) का इस्तेमाल न करें। बेडरूम के लिए हल्का गुलाबी, क्रीम या आसमानी नीला रंग सबसे अच्छा माना जाता है। ये रंग प्रेम और शांति के प्रतीक हैं और मानसिक तनाव को कम करते हैं।
4. **इलेक्ट्रॉनिक सामान से दूरी :** आजकल बेडरूम में टीवी, लैपटॉप और मोबाइल का दखल बहुत बढ़ गया है।
   वास्तु के अनुसार, ये चीजें कमरे में तनाव पैदा करती हैं। कोशिश करें कि सोते समय मोबाइल फोन अपने बेड से दूर रखें और बेडरूम में इलेक्ट्रॉनिक्स कम से कम हों, ताकि आप एक-दूसरे को पूरा समय दे सकें।
5. **ताजगी और सजावट :** अपने बेडरूम के दक्षिण-पश्चिम कोने में गुलाबी रंग के फूलों का गुलदस्ता या दो हंसों के जोड़े की तस्वीर लगाएं। यह रिश्तों में वफादारी और जुड़ाव को बढ़ाता है। साथ ही, बेड के नीचे कबाड़ या जूते-चप्पल कभी न रखें, यह सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को रोकता है।

# महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ को कौन सा फूल चढ़ाएं और कौन सा नहीं



15 फरवरी 2026 का दिन सभी शिव भक्तों के लिए बेहद खास है। इस तिथि पर महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। इस खास अवसर पर देशभर के शिवालयों में पूजा-पाठ से लेकर भजन कीर्तन का दिव्य आयोजन किया जाता है। यही नहीं कुछ स्थानों पर शिव बारात भी निकाली जाती हैं, जो महादेव और देवी पार्वती को समर्पित है। मान्यता है कि, शिव-शक्ति के मिलन के शुभ अवसर पर पूजा पाठ, दान व उपवास रखने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। साथ ही सुख में वृद्धि, मनचाहा जीवन साथी, प्रेम जीवन सुखमय और व्यक्ति डर भय से दूर होता है। इस दौरान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए बेलपत्र, मिठाई, दूध, भांग आदि चढ़ाएं जाते हैं। हालांकि, कुछ फलों का उपयोग भी प्रभु की विशेष कृपा पाने के लिए किया जाता है। परंतु कुछ फल शिव जी को चढ़ाने से बचना चाहिए अन्यथा अशुभ परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। ऐसे में आइए इन सभी के बारे में जानते हैं।

**महाशिवरात्रि 4 प्रहर पूजा मुहूर्त 2026**

रात्रि प्रथम प्रहर पूजा समय - शाम 06:39 से 09:45

रात्रि द्वितीय प्रहर पूजा समय -शाम 09:45 से 12:52

रात्रि तृतीय प्रहर पूजा समय - सुबह 12:52 से 03:59

रात्रि चतुर्थ प्रहर पूजा समय - सुबह 03:59 से 07:06

## महादेव को अर्पित करने चाहिए ये फूल

महाशिवरात्रि के शुभ दिन पर भोलेनाथ को धतूरा और उसका फूल अर्पित करना चाहिए। इसे बेहद शुभ माना जाता है।

शिव जी को आप आक के फूल चढ़ाएं। इससे प्रभु प्रसन्न होकर अपनी कृपा बरसाते हैं। यही नहीं साधक की मनोकामनाएं भी पूरी करते हैं।

मान्यता है कि, सफेद फूल महाकाल को अर्पित करने से अटके कार्यों को गति मिलती हैं। साथ ही देवी पार्वती की कृपा भी बनी रहती हैं।



महाशिवरात्रि पर आप शिव जी को शमी के फूल अवश्य चढ़ाएं। यह प्रभु को अति प्रिय है। इससे वह शीघ्र ही प्रसन्न होकर अपनी कृपा बरसाते हैं।

प्राजक्ता के फूल महादेव को अर्पित करें। इससे धन लाभ और सुख बढ़ता है।

सफेद कनेर के फूल चढ़ाने से प्रेम जीवन सुखमय होता है।

शिव जी को न चढ़ाएं ये फूल

केतकी, केवड़ा व चंपा चमेली के फूल महादेव को नहीं चढ़ाने चाहिए। ऐसा करना अशुभ होता है।

आप लाल रंग के फूल, कांटेदार व मुरझाए फूल भी पूजा में शामिल न करें।

तुलसी का पत्ता भी पूजा में उपयोग नहीं करना चाहिए अन्यथा मानसिक शांति प्रभावित हो सकती हैं।



# भारतीय टीम ने फतेह की दिल्ली, नामीबिया को बहुत बड़े अंतर से हराया

टी20 विश्व कप 2026 के अपने दूसरे मैच में भारतीय टीम आज नामीबिया से टकरा रही है। टूर्नामेंट का यह 18वां मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जा रहा है। नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। भारतीय टीम में 2 बदलाव हुए हैं। संजू सैमसन और जसप्रीत बुमराह की प्लेइंग 11 में वापसी हुई है।

सूर्यकुमार यादव की कप्तान वाली भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में अमेरिका को मात दी थी। दूसरी ओर दिल्ली के मैदान पर ही नीदरलैंड ने नामीबिया को मात दी थी। अब जहां टीम इंडिया जीत के सिलसिले को बरकरार रखने के इरादे से उतरी है तो वहीं नामीबिया की नजर जीत की पटरी पर लौटने पर है।

**दिल्ली में गरजा Ishan Kishan का बल्ला, तूफानी फिफ्टी जड़कर बनाए कई रिकॉर्ड** – दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में गुरुवार को भारतीय सलामी बल्लेबाज ईशान किशन का बल्ला गरजा। नामीबिया के खिलाफ संजू सैमसन के जल्दी आउट




होने के बाद ईशान दबाव में नहीं आए और उन्होंने बाउंड्री की लाइन लगा दी। पावरप्ले के आखिरी ओवर में उन्होंने 28 रन बटोरे। छठे ओवर में ईशान ने 4 छक्के और 1 चौका लगाया।

ईशान ने 20 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके साथ ही विकेटकीपर बल्लेबाज ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। ईशान ने 254.17 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और 24 गेंदों पर 61 रन की पारी खेली।

इस दौरान ईशान के बल्ले से 6 चौके और 5 छक्के निकले।

# स्टीव स्मिथ ने रचा इतिहास, पाकिस्तान सुपर लीग के सबसे महंगे प्लेयर बने; करोड़ों की बारिश हुई



स्टीव स्मिथ पाकिस्तान सुपर लीग के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। स्टीव स्मिथ को नई फ्रेंचाइजी सियालकोट स्टैलियन्ज ने 14 करोड़ पाकिस्तानी रुपये (5 लाख अमेरिकी डॉलर, 4 करोड़ 52 लाख भारतीय रुपये) में डायरेक्ट साइन किया है। यह ऐतिहासिक डील लीग की पहली खिलाड़ी नीलामी का हिस्सा था। इसने लंबे समय से चले आ रहे ड्राफ्ट सिस्टम की जगह ली ।

**अब खेलेंगी 8 टीम**

क्क्रुके 11वें संस्करण में पहली बार आठ टीमें होंगी। सियालकोट और हैदराबाद लीग में 2 नई टीम जुड़ी हैं। इन दोनों नई फ्रेंचाइजी को ओवरसीज पाकिस्तानी बिजनेसमैन ने खरीदा है। टूर्नामेंट 26 मार्च से 3 मई तक चलेगा। इस दौरान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) भी खेली जाएगी।

103 प्लेयर हुए साइन

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पिछले दस सालों से चली आ रही ड्राफ्ट प्रणाली से हटकर खिलाड़ियों की नीलामी प्रणाली शुरू की है। लाहौर में हुई नीलामी में डेविड वार्नर, एडम जैम्पा, डेवोन कॉनवे और मार्नस लाबुशेन सहित कुछ टॉप विदेशी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आठों फ्रेंचाइजी ने कुल 103 खिलाड़ियों को साइन किया।

नसीम शाह सबसे महंगे पाकिस्तानी खिलाड़ी बने। इस्लामाबाद यूनाइटेड ने उन्हें 8.65 करोड़ पाकिस्तानी रुपये में खरीदा। उनके साथी खिलाड़ी फहीम अशरफ को भी 8.5 करोड़ पाकिस्तानी रुपये में खरीदा गया। बाबर आजम को पेशावर ज़ल्मी ने 7 करोड़ पाकिस्तानी रुपये में रिटेन किया। सैम अयूब 12.2 करोड़ पाकिस्तानी रुपये में पेशावर जल्मी में बने रहेंगे। PSL 2026 में एक बड़ा बदालव देखने को मिलेगा। मुल्तान सुल्तांस का नाम बदलकर रावलपिंडी कर दिया गया है।

## दो मिनट में बिके रोजर फेडरर के कार्यक्रम के सभी टिकट, टेनिस हॉल ऑफ फेम में किया जाएगा शामिल

रोजर फेडरर ने भले ही टेनिस को अलविदा कह दिया हो, लेकिन उनका जादू अब भी प्रशंसकों पर सिर चढ़कर बोलता है जिसकी बानगी, उन्हें अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल करने के समारोह के टिकटों की भारी मांग में देखने में मिली। फेडरर से जुड़े इस समारोह के सभी टिकट दो मिनट में बिक गए। आयोजकों ने आउटडोर पार्टी के लिए अलग से अतिरिक्त टिकट जारी किए जो हाथों हाथ बिक गए। आखिर में आयोजकों को कहना पड़ा कि उनकी क्षमता सीमित है और वह अधिक टिकट जारी नहीं कर सकते हैं। आयोजक हाल आफ फेम ने इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, एक छोटा लेकिन ऐतिहासिक स्थल होने के कारण हमारी क्षमता सीमित है। हाल ने कहा कि उसे पहले से ही इस बात का अंदाजा था कि 20 ग्रैंडस्लैम सिंगल्स खिताब जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी फेडरर को लेकर कितना उत्साह होगा।



इस दिग्गज टेनिस खिलाड़ी को 29 अगस्त को प्रसारक मैरी कैरिलो के साथ हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा। न्यूपोर्ट स्थित इस प्रतिष्ठित हाल में होने वाले मुख्य समारोह के लिए पहले से उपलब्ध 900 टिकटों के अलावा हाल अपने 3,600 सीटों वाले स्टेडियम को एक विशेष कार्यक्रम के लिए खोलेगा। इसके बावजूद हाल की प्रवक्ता मेगन ऐर्ब्स ने कहा कि 4,500 टिकट दो मिनट के भीतर ही बिक गए।

# अंक तालिका में स्कॉटलैंड-इटली से नीचे खिसका इंग्लैंड, एक और हार सुपर-8 के दरवाजे कर सकती है बंद

इटली ने नेपाल के खिलाफ टी20 विश्व कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज की, लेकिन इसका सबसे ज्यादा नुकसान इंग्लैंड को हुआ। इंग्लैंड की टीम ग्रुप सी की अंक तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गई है। इटली ने नेपाल को हराकर विश्व कप में अपनी पहली जीत दर्ज की और तालिका में जीत का खाता खोल लिया। वहीं, नेपाल की टीम को शुरुआती दोनों मैचों में हार मिली है।

मोस्का बंधुओं के तूफान में उड़ा नेपाल

जस्टिन मोस्का और एंथनी मोस्का की शानदार साझेदारी के दम पर इटली ने नेपाल को टी20 विश्व कप के मुकाबले में 10 विकेट से हराया। इटली ने पहली बार विश्व कप में जीत दर्ज की है और उसके लिए यह सफलता ऐतिहासिक है। इटली ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया और क्रिशान कालुगमागे की अगुआई में




गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से नेपाल को सस्ते में ऑलआउट किया। नेपाल की टीम 19.3 ओवर में 123 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में मोस्का ब्रदर्स ने बेहतरीन साझेदारी की जिससे इटली ने 12.4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 124 रन बनाकर जीत दर्ज की। ग्रुप सी की अंक तालिका का हाल इटली की टीम ग्रुप सी में दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ दो अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। वहीं, नेपाल को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा है और वह सबसे नीचे पांचवें स्थान पर है। इस ग्रुप में शीर्ष पर वेस्टइंडीज की टीम है जिसने शुरुआती दोनों मैच जीते हैं। इसके अलावा स्कॉटलैंड की टीम दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर है।

**इंग्लैंड के लिए कठिन है डगर**

इटली की जीत से इंग्लैंड के लिए सुपर आठ चरण की डगर मुश्किल हो चली है। इंग्लैंड को ग्रुप चरण में अब शेष दो मैच स्कॉटलैंड और इटली के खिलाफ खेलने हैं। आंकड़ों में इन दोनों टीमों की तुलना में इंग्लैंड का पलड़ा भारी है, लेकिन टी20 में कभी भी कोई टीम उलटफेर कर सकती है। ऐसे में अगर एक भी मैच में इंग्लैंड को हार मिली तो उसके लिए अगले दौर में जगह बना पाना कठिन हो सकता है।

# बालों पर कॉफी लगाने के 5 कमाल के तरीके, झड़ना होगा बंद, बाल होंगे घने

**आजकल बालों का झड़ना, बालों का पतला होना और ग्रोथ रुक जाना बेहद आम समस्या बन चुकी है। इसके पीछे खराब खानपान, तनाव, प्रदूषण और हार्मोनल असंतुलन जैसे कई कारण हो सकते हैं। हालांकि बाजार में कई केमिकल प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं, लेकिन नेचुरल उपायों की बात ही कुछ और होती है।**

ऐसा ही एक नेचुरल ट्रीटमेंट है कॉफी वॉटर। सिर्फ पीने तक सीमित नहीं, कॉफी में मौजूद कैफीन बालों की जड़ों को उत्तेजित करता है, जिससे बालों की ग्रोथ तेज होती है और झड़ना कम होता है। आइए जानते हैं कॉफी को बालों पर लगाने के 5 असरदार तरीके, जिनसे आपके बाल बन सकते हैं घने, चमकदार और मजबूत।



## कॉफी वॉटर रिंस

बाल धोने के बाद आखिरी बार कॉफी वॉटर से रिंस करें। इसके लिए 2 चम्मच इंस्टेंट कॉफी को 1 कप गर्म पानी में घोलें और ठंडा होने पर बालों पर डालें। यह स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाता है और हेयर फॉलिकल्स को एक्टिव करता है।

## कॉफी और नारियल तेल का हेयर मास्क

2 चम्मच कॉफी पाउडर में 3 चम्मच नारियल तेल मिलाकर हल्का गर्म करें। इस मिश्रण को स्कैल्प में लगाकर 30 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर माइल्ड शैम्पू से धो लें। यह हेयर मास्क बालों को पोषण देता है और उन्हें टूटने से बचाता है।





## कॉफी और दही का पैक

1 चम्मच कॉफी, 2 चम्मच दही और कुछ बूंदें नींबू की मिलाकर एक पेस्ट बनाएं।

स्कैल्प पर लगाएं और 20-25 मिनट बाद धो लें। दही स्कैल्प को क्लीन करता है, जबकि कॉफी ब्लड फ्लो को बेहतर बनाती है।

## कॉफी स्क्रब

कॉफी पाउडर में थोड़ा सा एलोवेरा जेल मिलाकर एक स्क्रब बनाएं। इसे स्कैल्प पर हल्के हाथों से मसाज करते हुए लगाएं और फिर धो दें।

इससे स्कैल्प की गंदगी और डेड सेल्स साफ होते हैं, जिससे बालों की जड़े मजबूत होती हैं।

## कॉफी लीव-इन स्प्रे

1 कप कॉफी वॉटर को स्प्रे बॉटल में भर लें और रोजाना बालों की जड़ों पर हल्का स्प्रे करें।

इससे स्कैल्प में नमी बनी रहती है और बाल मुलायम व घने दिखते हैं।



# क्या पूरे दिन गुनगुना पानी पीना सही है? आयुर्वेद से जानें सही नियम

**पानी सिर्फ शरीर की प्यास नहीं बुझाता है, बल्कि रक्त में मिलकर शरीर के हर अंग तक ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है।**

**मानव शरीर का 70 फीसदी हिस्सा पानी से बना है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि किस तरह का पानी पीना शरीर के लिए लाभकारी होता है। सदियों से सुबह उठते ही गुनगुना पानी पीने की परंपरा चली आई है क्योंकि ये सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि शरीर को लाभ देने वाली प्रक्रिया है।**



आयुर्वेद में सुबह उठते ही गुनगुना पानी पीना असाधारण लाभ देता है और पाचन को तेज करने से लेकर कफ दोष को भी संतुलित करता है।

लेकिन सवाल है कि क्या हर मौसम में गुनगुना पानी उतना ही फायदेमंद है और जितना गर्म पानी पीते हैं, क्या लाभ भी उतने ही मिलते हैं?

आज हम इन्हीं सभी सवालों के जवाब लेकर आए हैं। पहले जानते हैं कि सुबह उठकर गुनगुने पानी का सेवन करने से कितने लाभ मिलते हैं।

सुबह उठते ही गुनगुना पानी पीने से मंद पड़ी पाचन अग्नि तेजी से काम करती है और खाने को अच्छे से पचाने में मदद करती है। हल्का गर्म पानी आंतों को भी गतिशील बनाता है और विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। गुनगुने पानी की सहायता से ही छाती में छिपा कफ ढीला होकर बाहर आने लगता है, और जो लोग बढ़ते वजन से परेशान हैं, उनके लिए गुनगुना पानी चर्बी को कम करने में भी मददगार है, लेकिन क्या सिर्फ सुबह ही गुनगुने पानी का सेवन करना लाभकारी है? गुनगुने पानी का सेवन पूरे दिन कर सकते हैं।

सुबह के बाद खाना खाने के आधा घंटा पहले गुनगुने पानी का सेवन करना लाभकारी होता है, क्योंकि ये पाचन शक्ति को तेज करने में मदद करता है और वजन को कंट्रोल करने में भी सहायक है।

खाना खाने के 1 घंटे बाद भी गुनगुने पानी का सेवन किया जा सकता है। अब जानते हैं कि कब गुनगुने पानी के सेवन से बचना चाहिए। ज्यादा तेज प्यास लगने या डिहाइड्रेशन की स्थिति में गुनगुना पानी पीने से बचें क्योंकि ये डिहाइड्रेशन को और बढ़ा सकता है।

दूसरा, अधिक गर्मी के समय भी गर्म या गुनगुना पानी पीने से बचें क्योंकि ये गर्मी पैदा कर घबराहट का कारण बन सकता है। तीसरा और आखिरी, अगर गर्मियों में पित्त की समस्या या पेट में जलन रहती है तब भी उसके सेवन से बचना चाहिए।